# उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड जनपद मैनपुरी

## उपलब्धियां  वर्ष 2019-20




मैनपुरी में कब /बुलबुल/ स्काउट/ गाइड/ रोवर/ रेंजर से संबंधित कुल 214 यूनिटें संचालित हैं। संस्था के मुख्यायुक्त डॉ. ए.के. सिंह राठौर के निर्देशन में संस्था अपनी गतिविधियों को संचालित कर रही है।

वर्ष 2019 - 20 की उपलब्धियों की चर्चा निम्न बिंदुओं के अंतर्गत किया जा सकता है--

- प्रथम /द्वितीय सोपान कैंपों का आयोजन।
- तृतीय सोपान कैंपों का आयोजन।
- राज्य पुरस्कार हेतु पंजीकरण।
- डीएलएड और बीएड जनपद प्रशिक्षुओं को स्काउट गाइड संबंधी प्रशिक्षण।
- बेसिक कोर्स का आयोजन।
- आजीवन सदस्यता।
- स्वीप कार्यक्रम द्वारा वोटरों को जागरूक करना।
- रेलवे स्टेशन पर प्याऊ लगाना।
- वृक्षारोपण कार्यक्रम का संचालन करना।
- सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान।
- संचारी रोग संबंधित लोगों को जागृत करना।
- ईसन नदी के संरक्षण में योगदान ।
- आपदा प्रबंधन टास्क फोर्स का गठन।
- कोरोना जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम।

## प्रथम/ द्वितीय सोपान प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में प्रगतिशील प्रशिक्षण के तहत स्काउट/ गाइड हेतु प्रथम/ द्वितीय सोपान कैंपों का आयोजन हुआ। जहां अलग-अलग विद्यालयों में 3035 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया।






## तृतीय सोपान कैंपों का आयोजन

जनपद में 3 तृतीय सोपान कैंपों का आयोजन हुआ। जिसमें दो मैनपुरी में स्काउट भवन पर और एक डॉ राम मनोहर लोहिया इंटर कॉलेज  किशनी में हुआ। जिसमें कुल 685 स्काउट/गाइड ने प्रतिभाग किया।





## राज्य पुरस्कार जांच हेतु पंजीकरण

जनपद से 175 स्काउट/ गाइड ने राज्य पुरस्कार जांच हेतु पंजीकरण फॉर्म पूर्ण किए। जिन्हें प्रदेश मुख्यालय को सूचित कर दिया गया है। जांच कैंप का आयोजन अभी तक नहीं हो पाया।

## डीएलएड और बीएड प्रशिक्षुओं को स्काउट/ गाइड संबंधी प्रशिक्षण

जनपद में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड और बीएड प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को स्काउट/गाइड संबंधी प्रशिक्षण हेतु विभिन्न कैंपों का आयोजन कराया गया। जिन्होंने 4248 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।





## बेसिक कोर्स का आयोजन

जनपद के विद्यालय में स्काउट/गाइड गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा युवाओं में स्काउटिंग आंदोलन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बेसिक स्काउट मास्टर तथा गाइड कैप्टन कोर्स का आयोजन किया गया। जिसमें 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




## आजीवन सदस्यता दिलाना

स्काउटिंग गतिविधियों में दीर्घकालीन लगाव एवं जुड़ाव के उद्देश्य से कुछ गणमान्य लोगों को स्काउट संस्था का आजीवन सदस्य बनाने हेतु फार्म भरवाए गए। फार्म सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त जी को सौंप दिया गया।



## फ्री विंग मीं वर्कशॉप

जनपद में दो दिवसीय फ्री विंग मीं वर्कशॉप का आयोजन हुआ







## स्वीप कार्यक्रम का प्रचार प्रसार

जनपद में स्काउट/ गाइड/ रोवर/ रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत वोटरों को जागरूक किया गया ताकि वे मतदान केंद्र तक पहुंचकर वोट डालें। इसमें कुछ स्काउट/गाइड बुजुर्गों और दिव्यांगों को बूथ तक पहुंचाने के लिए भी लगाया गया।





## रेलवे स्टेशन पर प्याऊ शिविर का आयोजन

मैनपुरी रेलवे स्टेशन पर सात  दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें यात्रियों को ठंडा जल और शरबत पिलाया गया। शिशिर का नेतृत्व जिला स्काउट मास्टर श्री कृष्ण कुमार जी ने किया।







## वृक्षारोपण कार्यक्रम

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा प्रकृति के संरक्षण को ध्यान रखते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया।





## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

इसके तहत जिले के स्काउट/गाइड /रोवर/ रेंजर द्वारा नागरिकों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी व हेलमेट ना पहने जनित खतरों से सावधान किया





## संचारी रोग जागरूकता कार्यक्रम

संचारी रोग जैसे हैजा, डेंगू आदि के प्रसार के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही जलजमाव तथा गंदगी और कूड़े के निपटान संबंधी जानकारियां स्काउट/ गाइड/ रोवर/ रेंजर द्वारा लोगों को दी गई।






## आपदा टास्क फोर्स का गठन

जिले में जिला संगठन आयुक्त( स्काउट) सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में 50 सदस्यीय जिला आपदा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें 10 स्काउटर/ गाइडर ,25 रोवर /रेंजर और 15 स्काउट गाइड सम्मिलित है।

## ईसन नदी की साफ सफाई

मैनपुरी के जिलाधिकारी श्रीमान महेंद्र बहादुर सिंह के आह्वाहन पर हमारा स्वाभिमान ईसन नदी तहत नदी के सफाई कार्यक्रम में स्काउट/ गाइड द्वारा प्रतिभाग किया गया।





## कोरोना महामारी के प्रति जागरूकता तथा जरूरतमंदों की सहायता

जनपद में जिला मुख्यायुक्त डॉ. ए.के. सिंह राठौर के नेतृत्व में कोरोनावायरस, जनता कर्फ्यू के संबंध में लोगों को जागरुक किया गया । शहर के विभिन्न स्थानों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पैट्रोल पंपों, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, सदर तहसील, जिला चिकित्सालय में बैनर और पोस्टर चस्पा किए गए । कोरोनावायरस के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए पर्चे बांटे गए। लोगों को जागरूक तथा जरूरतमंदों की सहायता पहुंचाने का कार्य अनवरत जारी है।











| | | |
|---|---|---|
| डा०अनिल कुमार सिंह राठौर | डा०पदम् सिंह यादव | डा० दिनेश कुमार |
| जिला मुख्यायुक्त | जिला कमिश्नर (स्काउट) | जिला सचिव |
| कृष्ण कुमार | सुमन यादव | सुनील कुमार सिंह |
| जिला प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) | जिला कमिश्नर गाइड | जिला संगठन आयुक्त(स्काउट) |